आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देहरादून में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से संवाद किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली में वीर शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य महोत्सव का शुभारंभ किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अल्मोड़ा में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।
- निर्जला एकादशी पर्व पर हरिद्वार के हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

**केंद्रीय कृशि मंत्री**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देहरादून में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से संवाद किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उन्हें नवीनतम कृषि तकनीक से जुड़े अहम सुझाव भी दिए। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने डोईवाला विकासखण्ड के पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल में भी किसानों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके सुझाव लिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को बागवानी का राष्ट्रीय हब बनाएंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पैदा होने वाले फल और सब्जियां देश और दुनियां के बाजारों में जाएं, इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, किसानों की आय को दोगुना करने और 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मुख्यमंत्री चमोली**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले में थराली के चेपड़ों गांव में अशोक चक्र से सम्मानित वीर शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय शौर्य महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अमर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किए और शहीद की स्मृति में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और वीरता की प्रेरणा देने वाला गौरवोत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व व प्रेरणादायी मार्गदर्शन में आज भारतीय सेना का मनोबल ऊंचाई पर है। उनके नेतृत्व में भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा न केवल देश में, बल्कि विश्व के कोने–कोने में गूंज रही है। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में देहरादून के गुनियाल गांव में प्रदेश के अमर शहीदों की स्मृति में एक भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है, जो हमारे सैनिकों की वीर गाथा के रूप में स्थापित रहेगा।

**समिति गठन**

प्रदेश सरकार ने राज्य में नवाचार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीतिक सलाहकार समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की दर को तेजी देने के उद्देश्य से गठित की गई है, जो दूरगामी प्रभाव वाली योजनाओं की रूपरेखा तय करेगी। समिति कृषि, बागवानी और सहवर्गीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, आयुष तथा अवस्थापना सुविधाओं में अगले दो वर्षों के सुधार के लिय आवश्यक कार्यवाही भी करेगी।

समिति की अध्यक्षता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। समिति में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (नियोजन), सेवानिवृत्त आईएएस इन्दु कुमार पाण्डेय, डॉ. राकेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ और सेतु आयोग के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री की अनुमति से तीन से अधिक अन्य सदस्यों को भी समिति में नामित किया जा सकेगा। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में बुलाया जा सकेगा।

समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जिसे मुख्यमंत्री की स्वीकृति से बढ़ाया जा सकेगा।

**रेपो दर**

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में पचास आधार अंकों की कमी कर दी है। इस कटौती के बाद रेपो दर छह प्रतिशत से घटकर साढ़े पांच प्रतिशत हो गई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की आज सम्पन्न हुई तीन दिवसीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस कटौती के बाद बैंक अपने ऋण देने की दरों में भी कमी ला सकते हैं। तरलता समायोजन सुविधा के तहत स्थायी जमा सुविधा दर को पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत किया गया है। इसके अलावा सीमांत स्थायी सुविधा और बैंक दर को पांच दशमलव सात–पांच प्रतिशत किया गया है।

मौद्रिक नीति समिति ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद विकास दर को साढे छह प्रतिशत पर रखा है।

**राज्यपाल अल्मोड़ा**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज अल्मोड़ा में जिले के अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यटन से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। बैठक बाद राज्यपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका विकास विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन के लिए चलाई जा रही दीदी की रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पत्रकारों से बातचीत मे राज्यपाल ने कहा अल्मोड़ा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इसके लिए जिला प्रशासन अच्छा काम कर रहा है।

## निर्जला एकादशी

निर्जला एकादशी पर्व पर आज हरिद्वार के हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने देवदर्शन कर दान आदि कर्म कर सुख–समृद्धि की कामना की। जगह–जगह लोगों ने छबील लगाकर लोगों को मीठा शर्बत वितरित किया। निर्जला एकादशी साल की सभी एकादशियों में श्रेष्ठ मानी गई है। वहीं, स्नान पर्व पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यातायात प्लान भी लागू किया गया था।

## लेप्रोस्कोपिक सुविधा चम्पावत

चम्पावत जिला अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक मशीन यानी दूरबीन विधि से सर्जरी होने से अब मरीजों को ऑपरेशन के लिए जिले के बाहर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एच.एस ह्यांकी ने बताया कि जिला अस्पताल में वर्ष 2018 में लेप्रोस्कोपिक मशीन लग गयी थी, लेकिन तब डॉक्टरों की कमी के चलते बहुत कम ऑपरेशन हो पा रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता के कारण पिछले वर्ष से 179 दूरबीन से ऑपरेशन किये जा चुके हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज दिव्या भट्ट के कान में गांठ की सर्जरी हाल ही में की गई। मरीज की मां रेखा भट्ट ने बताया कि ऑपरेशन दूरबीन विधि से हुआ और अब उनकी बेटी ठीक है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्था अच्छी हैं।

## दुर्घटना उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में धरासू–मरगांव मोटरमार्ग पर आज एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि चार बच्चों समेत छह अन्य घायल हो गये। तीन घायलों को सीएचसी, चिन्यालीसौड़ में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया है। वहीं, अन्य तीन सामान्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।